(viii) राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व

779. जेल में अन्याय के खिलाफ भूख हड़ताल के कारण मारवाड़ लोक परिषद के किस नेता की मृत्यु 19 जून, 1942 को हुई?

(a) रणछोड़दास गट्टानी (b) आनंद राज सुराणा
(c) भंवर लाल शर्मा (d) बाल मुकुंद बिस्सा

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (d) : जेल में अन्याय के खिलाफ भूख हड़ताल के कारण मारवाड़ लोक परिषद के नेता बाल मुकुन्द बिस्सा की मृत्यु 19 जून, 1942 ई. में हो गयी। महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर बिस्सा ने जोधपुर लोक परिषद जन आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह जागीरदार-विरोधी आंदोलन के प्रमुख नेता थे।

780. निम्न में से किसे, भू-दान और कूप-दान कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी के कारण भारत सरकार ने 1956 में, पद्म विभूषण से सम्मानित किया?

(a) रतन शास्त्री
(b) अंजना देवी चौधरी
(c) जानकी देवी बजाज
(d) नारायणी देवी वर्मा

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (c) : जानकी देवी बजाज को भू-दान और कूप दान कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी के कारण भारत सरकार ने वर्ष 1956 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया। इन्होंने वर्ष 1965 में मेरी जीवन यात्रा शीर्षक नाम से अपनी आत्मकथा प्रकाशित की और वर्ष 1979 में उनकी मृत्यु हो गई।

781. स्वतंत्रता संग्राम के लिए सबसे कम आयु के शहीद थे -

(a) सुखदेव (b) अशफाक-उल्ला-खाँ
(c) खुदीराम बोस (d) हेमू कालणी

उत्तर - (d) **RPSC RAS/RTS-1992**

व्याख्या - स्वतंत्रता संग्राम में सबसे कम आयु में शहीद होने वाले हेमू कालणी थे। अशफाक उल्ला, राजेन्द्र लहिड़ी, रोशन सिंह, बिस्मिल आदि क्रांतिकारियों को काकोरी षड्यंत्र केस (1925) में तथा सुखदेव, भगतसिंह एवं राजगुरु को लाहौर षड्यंत्र केस में फांसी दी गई थी।

782. स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद सागरमल गोपा कहां के निवासी थे?

(a) बीकानेर (b) जैसलमेर
(c) जोधपुर (d) अजमेर

उत्तर - (b)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या—सागरमल गोपा का जन्म स्थान जैसलमेर था, जो मृत्युपर्यन्त इनका कार्यक्षेत्र बना रहा। गोपा प्रतिबन्धित प्रजामण्डल के नेता थे। राजद्रोह के आरोप में 24 मई 1941 को जेल में डालकर इन पर अमानवीय अत्याचार किया गया, फलस्वरूप इनका निधन हो गया।

783. सिरोही का राजस्थान में विलय कब हुआ?

(a) 1952 (b) 1948
(c) 1956 (d) 1949

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (c) : 1 Nov. 1956 को सिरोही का राजस्थान में विलय कर दिया गया। यह विलय राज्यपुर्नगठन आयोग की सिफारिशों के आधार पर किया गया था। इस आयोग की सिफारिश के आधार पर सिरोही का माउण्ट आबू वाला क्षेत्र पुनः गुजरात से पृथक कर राजस्थान में मिलाया गया।

784. मेवाड़ के महाराणा भूपालसिंह किस वर्ष में राजस्थान के महाराज प्रमुख बने?

(a) 1947 (b) 1948
(c) 1949 (d) 1956

पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) – राजस्थान के एकीकरण के चतुर्थ चरण (30 मार्च 1949) में वृहद राजस्थान का महाराजा प्रमुख महाराणा भूपाल सिंह नियुक्त हुए। ये सिसोदिया वंश के अन्तिम शासक थे।

785. रूमा देवी के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) उन्हें हस्तशिल्प के क्षेत्र में जाना जाता है।
(b) वे जसरापुर (खेतड़ी) गाँव में पली-बढ़ी।
(c) उन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा 2018 में 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।
(d) उन्होंने हजारों महिलाओं को रोजगार बढ़ावा देने में अहम भागीदारी निभाई।

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (b) : रूमा देवी का जन्म 1988 में हुआ और वह राजस्थान के बाड़मेर जिले के रावतसर में पली-बढ़ी। रूमा देवी को हस्तशिल्प के क्षेत्र में जाना जाता है। वह बाड़मेर, राजस्थान में एक भारतीय पारंपरिक हस्तकला कारीगर है। उन्हें 2018 में महिलाओं के लिए सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'नारी शक्ति पुरस्कार 2018' से सम्मानित किया गया था। उन्हें 17वें अखिल भारतीय सम्मेलन 2020 में पैनलिस्ट के रुप में हावर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा आमंत्रित किया गया था। इन्होंने हजारों महिलाओं को रोजगार देकर महिला सशक्तिकरण में अहम भागीदारी निभाई।

786. 18 जून, 2016 को प्रथम बार महिला लड़ाकू विमान पायलटों को भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया है। इनमें से राजस्थान से कौन है?

(a) मोहना सिंह (b) अवनी चतुर्वेदी
(c) भावना कांत (d) निशा सिंह

RPSC-2017

Ans. (a) : 18 जून, 2016 को प्रथम बार महिला लड़ाकू विमान पायलटों को भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया। जिसमें राजस्थान की मोहना सिंह जीतवाल व भावना कंठ तथा अवनी चतुर्वेदी शामिल थी। मोहना सिंह जीतवाल का जन्म 22 जनवरी-1992 को झुंझुनू (राजस्थान) में हुआ था। इन्हें 2020 में राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

787. राजस्थान राज्य के 3000 मीटर स्टीपल चेज के ओलम्पियन एवं राष्ट्रीय कीर्तिमान एथलीट का नाम

(a) श्री श्रीराम सिंह (b) श्री पोकरमल
(c) श्री गोपाल सैनी (d) सुश्री परमजीत कौर

RPSC-2017